श्री बंशीधर नगर, सोमवार
01.07.2024
आषाढ़ कृष्णपक्ष दशमी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 306

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:07 बजे
अस्त - 06:45 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 44 डिग्री से.
न्यूनतम : 32 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com
हूल दिवस पर मंत्री ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि >> पेज 03 | 'टी20 वर्ल्ड कप' में जीत पर अनुष्का का पोष्ट >> पेज 04

### सुविचार

किसी से मोह इतना न करें कि बुराइयां न दिखे और घृणा इतनी न करें कि अच्छाइयां न दिखें।

### न्यूज अपडेट्स

#### चंपाई कल शुरू करेंगे 1500 करोड़ की योजनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन दो जुलाई को राज्यवासियों को 1500 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे। इस अवसर पर जल संसाधन, पथ निर्माण विभाग व भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन भी उपस्थित रहेंगे। उप राजधानी दुमका से योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन होगा। इसका सबसे अधिक लाभ संथाल के सभी छह जिलों को मिलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सड़क-पुल व प्रखंड भवन सहित सिंचाई परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। इनमें कई नई योजनाएं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को देखते हुए तीनों विभाग तैयारी कर रहे हैं।

#### दो जुलाई से पुरी के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रांची।** रथ यात्रा को लेकर रेलवे ने ओडिशा के पुरी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इसको लेकर रेलवे की ओर से सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। रेलवे की ओर से चक्रधरपुर डिवीजन में तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। इसमें से एक ट्रेन बादामपहाड़ स्टेशन से टाटा होते हुए चलेगी। वहीं दो ट्रेन दो जुलाई से 19 जुलाई तक राउरकेला और पुरी के बीच चलेगी, जिसमें से एक ट्रेन चक्रधरपुर होते हुए, वहीं दूसरी ट्रेन झारसुगड़ा, संबलपुर होते हुए रवाना होगी।

**गिरिडीह ▶ अरगा नदी में निर्माणाधीन पुल ध्वस्त**

# ढह गया 5.5 करोड़ का पुल



**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के अरगा नदी पर निमार्णाधीन पुल शनिवार की रात भरभराकर गिर गया। यह पुल 5.5 करोड़ की लागत से देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर भेलवाघाटी सड़क के डुमरीटोला और कारीपहरी गांव के बीच बन रहा था। इसका निर्माण ओम नमः शिवाय कंस्ट्रक्शन एजेंसी करा रहा था लेकिन यह मॉनसून की पहली बारिश भी झेल नहीं सका और धराशायी हो गया। बताया जाता है कि गिरिडीह और जमुई को जोड़ने वाला फतेहपुर से भेलवाघाटी पुल पांच साल बाद भी पूरा बन तो नहीं पाया लेकिन इससे पहले ही मानसून की बारिश में इसका एक बड़ा हिस्सा गिर जरूर गया। पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने रविवार को बताया कि ये उनके कार्यकाल से पहले की योजना है। ठेकेदार की भारी लापरवाही के कारण पुल का एक स्पेन धंस कर गिरा। इस मामले में वे ठेकेदार पर कार्रवाई के लिए लिखेंगे। पुल गिरने के कारण ही अब गिरिडीह और जमुई जाने के रास्ते का रहा-सहा कसर भी खत्म हो गया। स्थानीय लोग रविवार को जब लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो देखा की पुल का हिस्सा गिरा पड़ा है। लोगों ने इसकी जानकारी मुखिया को दी।

उल्लेखनीय है कि फतेहपुर से भेलवाघाती को जोड़ने वाले इस पुल और सड़क का शिलान्यास पांच साल पहले किया गया था। कंस्ट्रक्शन एजेंसी पांच साल में पूरा काम तक नहीं करा पाई है।

# राज्य को मजबूत बनाने का लें संकल्प : चंपाई सोरेन



**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि 1855 में आज ही के दिन भोगनाडीह से अमर वीर शहीद सिदो कान्हू के नेतृत्व में आदिवासियों ने अन्याय, शोषण और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। आज पूरा देश अपने इन महानायकों को नमन कर रहा है। यह प्रेरणा दिवस है।

मुख्यमंत्री रविवार को हूल दिवस के अवसर पर अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की पावन धरती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने अमर शहीद सिदो कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के इतिहास, संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने समाज और राज्य को मजबूत बनाने का संकल्प लें। उनके आदर्शों के अनुरूप झारखंड को संवारना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की धरती है। इस प्रदेश के कोने-कोने से अनेकों महानायक निकले हैं, जिन्होंने अन्याय-शोषण तथा गुलामी को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा, सभ्यता और जल, जंगल, जमीन बचाए रखने के लिए लम्बा संघर्ष किया। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान कर अंग्रेजों की जड़े हिला दी। अपने संकल्प पर अडिग रहते हुए शहीद हो गए। इन पूर्वजों के बलिदान का परिणाम है कि आज आदिवासी-मूलवासी सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में झारखंड में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार की नीतियों कार्यक्रमों और योजनाओं से राज्य विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारी योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा अभियान के दौरान लाखों आवेदन हमें मिले। इन आवेदनों के माध्यम से हमें जनता की विभिन्न समस्याओं की पूरी गहराई से जानकारी मिली। लोगों की समस्याओं के आधार पर ही हम योजनाओं को बना रहे हैं, ताकि इसका लाभ हर किसी को मिल सके।


मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता है। इस लिहाज से झारखंड काफी धनी है लेकिन यहां के लोग आज भी गरीब हैं। यहां के खनिज संसाधनों से दूसरे राज्य आगे बढ़ रहे हैं लेकिन झारखंड पिछड़ा राज्य में ही गिना जाता है। अब इसमें बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि झारखंड को विकसित राज्य बनाना है। हमारी सरकार सरकार की अनेकों योजनाएं हैं, जिसका लाभ यहां के लोगों को मिल रहा है। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, सिंचाई, पशुपालन, उद्योग, खेल या और कोई सेक्टर हर किसी के लिए योजनाएं हैं।

# नदी में गिरा ट्रक, चालक लापता



**इंफाल।** मणिपुर में इंफाल नदी पर स्थित बेली ब्रिज रविवार को अचानक ढह गया। इस दौरान पुल पार कर रहा लकड़ी से लदा ट्रक भी नदी में गिर गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तीन लोगों को बचा लिया, लेकिन ट्रक चालक अभी लापता है। पुलिस बचाव अभियान चला रही है। इस मार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो गया है। इंफाल नदी पर बना यह बेली ब्रिज इंफाल पश्चिम जिले के मुटुम फिबौ और थौबल जिले के इरोंग खुनौ खुल को जोड़ता है। आज लकड़ी से लदा एक ट्रक पुल से नदी को पार कर रहा था, तभी पुल ढह गया और ट्रक नदी में गिर गया।

# संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत पहुंचे वाराणसी, हथियाराम मठ जायेंगे



**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत रविवार शाम वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर संघ के काशी प्रांत के पदाधिकारियों ने उनकी अगवानी की। संघ प्रमुख एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच सिगरा स्थित प्रांत कार्यालय के लिए रवाना हो गए। प्रांत कार्यालय में संघ प्रमुख के प्रवास को देखते हुए वहां सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है। संघ प्रमुख प्रांत कार्यालय में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार सुबह शाखा में भी शामिल होंगे। यहां से वे गाजीपुर में परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के गांव धामूपुर जाएंगे और उनके जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन करेंगे। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में भाग लेने के बाद हथियाराम मठ जाएंगे। मठ में दर्शन पूजन के बाद वह संत भवानी नंदन यति महाराज से आशीर्वाद लेंगे। मठ से मीरजापुर विन्ध्याचल स्थित देवरहा हंस बाबा आश्रम में जाएंगे। आश्रम में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन मंगलवार को सीधे बाबतपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

**जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाला सोरेन परिवार : विष्णु साय**

# भाजपा दे रही सक्षम आदिवासी नेतृत्व




**रांची।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाजपा शासित राज्यों के आदिवासी मुख्यमंत्रियों को रबर स्टाम्प बताने वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने सोरेन परिवार को जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाला परिवार कहा। विष्णु देव ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि देशभर में जिस तरह से भाजपा, सक्षम आदिवासी नेतृत्व दे रही है, ऐसा इससे पहले कभी नहीं था। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदिवासी मुख्यमंत्रियों के बारे में अनर्गल प्रलाप निंदनीय है। यह देशभर के आदिवासी और पिछड़े समाज का अपमान है। जीवनभर अपने कृत्यों से सोरेन परिवार जिस तरह आदिवासी समाज को बदनाम करता रहा है, वह भी निंदनीय है। विष्णु देव ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अपनी तिजोरी भरने वाले सोरेन और उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता सबक सिखाने का मन बना चुकी है। यही कारण है कि अब वे समाज के प्रति ही अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतारू हो गये हैं। सोरेन परिवार का रिश्वत कांड भी अभी तक जनता भूली नहीं है। हेमंत सोरेन को यह समझ लेना चाहिए कि महज जमानत मिल जाना अपराध मुक्ति का सर्टिफिकेट नहीं होता है। अंतिम फैसला अभी बाकी है। विष्णु देव ने कहा कि दरअसल आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और युवाओं के बीच भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से इंडी गठबंधन घबराया हुआ है। इसी कारण ऐसी बयानबाजी हो रही है। समाज को अपमानित करने वाले किसी भी बयान को जनता सहन नहीं करेगी, इसका माकूल जवाब देगी।

#### क्या कहा था हेमंत सोरेन ने


उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची में समर्थकों के बीच कहा था कि वे जनता के आशीर्वाद से सबसे पहले देश में आदिवासी मुख्यमंत्री बने। आपकी ताकत की बदौलत मोदी सरकार को झुकना पड़ा है। पड़ोसी राज्यों में उनको आदिवासी सीएम बनाना पड़ रहा है लेकिन वो रबर स्टैंप हैं।

# केदारनाथ धाम में सुमेरु पर्वत की पहाड़ी पर आया एवलांच, नुकसान नहीं



**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम मंदिर के पीछे की पहाड़ियों में एक बार फिर से एवलांच आया है। हालांकि इस एवलांच से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस बर्फीली पहाड़ी पर समय-समय पर एवलांच आते रहते हैं। पर्यावरणविदों ने इस घटना को चिंता का विषय बताया।

रविवार सुबह 5 बजकर 46 मिनट के आसपास केदारनाथ मंदिर से पांच किमी पीछे सुमेरु पर्वत पर एवलांच आया। सुमेरु पर्वत की पहाड़ी से तेजी के साथ बर्फ का गुब्बार नीचे आया और पहाड़ी पर बर्फ का धुंआ उड़ने लगा। इसके बाद केदारनगरी में हलचल मच गई। काफी देर तक यह एवलांच आता रहा। हालांकि इस पहाड़ी पर एवलांच आना कोई नयी बात नहीं है। यहां समय-समय पर एवलांच आते रहते हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ मंदिर के पीछे सुमेरु पर्वत की पहाड़ी पर कई बार एवलांच की घटना देखने को मिल रही है। रविवार सुबह आए एवलांच से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि इस पहाड़ी पर इस प्रकार के एवलांच आते रहते हैं। यहां बर्फ अधिक गिरने पर इस प्रकार की घटनाएं होती रहती हैं। इनसे किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता है।



# कर्म फल को त्याग कर कर्म करते रहना ही संन्यास है : जीयर स्वामी

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा अमर कथा के नामों से जाना जाता है। वे सिंगरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चतुर्मास व्रत के दौरान प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान् भूत-भावन शंकर जी ने पार्वती जी को अमर कथा सुनाना चाहे पर पुरी कथा माता पार्वती जी नहीं सुन पाई वहीं पूरी कथा राधा-रानी के लीला-शुक ने श्रवण कर लिया। जीयर स्वामी जी ने कहा कि संसार में परिवार, पत्नी, बाल-बच्चों के साथ रहना बंधन नहीं है, इसको अपना मानकर जीवन जीना बंधन हैं। उन्होंने कहा कि संसार की वस्तु व्यवस्था को अपना मान लेना ही बंधन का कारण है। कर्म के फल को त्याग करके कर्म करना ही संन्यास हैं। संन्यासी चार प्रकार को होते हैं पहला कुटीचक संन्यासी, जो अपने घर में या अपने पुत्र या अन्य लोगों द्वारा बनाई गई झोपड़ी में रहता है, जिसके सिर पर शिखा और यज्ञोपवीत है, जो गेरुआ वस्त्र पहने हुये है और जिसके हाथ में तीन शूल वाला दण्ड है जो वाणी, मन और शरीर के संयम का प्रतीक हैं जो अपने घर से या अपने सम्बन्धियों से भोजन प्राप्त करता है तथा जो आत्मचिंतन में लीन रहता है वही कुटीचक संन्यासी हैं दूसरे प्रकार का संन्यासी बहुदक संन्यासी जो तपस्वी कुटीचक के समान वेश-भूषा आदि धारण करता है, किन्तु अपने सम्बन्धियों के अतिरिक्त अन्य घरों से भी भिक्षा लेता है, उसे बहुदक संन्यासी या तपस्वी कहते हैं तीसरा हंस संन्यासी जो तपस्वी ऊपर बताये गये समान वेश आदि धारण करता है तथा बांस का दण्ड धारण करता है, उसे तीसरे प्रकार का तपस्वी अर्थात हंस संन्यासी कहा जाता है। चौथा संन्यासी परमहंस संन्यासी जो ज्ञान और वैराग्य से सुशोभित हो, एक डंडा रखता हो, अपने आपको कपड़े मात्रा से ढकते हैं चारों संन्यासी का परिवेश एक जैसा होता हैं संन्यासी का मतलब होता है भेष-भूषा के साथ ही साथ शास्त्रों में बताये गये संन्यासी के लक्षणों के अनुसार जीवन-यापन करनां वेदों में कहा गया है कि जिस दिन मनुष्य सांसारिक विषयों से ऊब जाय, उसे घर छोड़कर सत्य की खोज में विचरण करना चाहिये, क्योंकि पूर्ण वैराग्य ही संन्यास का मूल कारण हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### सामूहिक अवकाश के लिए बीडीओ को दिया आवेदन

**मझिआंव :** प्रखंड अंतर्गत सभी मनरेगा कर्मियों ने दो जुलाई को सामूहिक अवकाश के संबंध में बीडीओ सतीश भगत को आवेदन दिया है। आवेदनकर्ता कर्मी प्रभारी बीपीओ अखिलेश कुमार, जेई अखिलेश तिवारी, ग्राम रोजगार सेवक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नरेंद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार शर्मा, प्रेम कुमार राम, सुधीर पांडेय, सुरेश राम, उदय प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर धीरेंद्र राम के नाम शामिल हैं। सभी कर्मचारियों ने उक्त आवेदन में उल्लेख किया है कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्वावधान में सेवा स्थाईकरण एवं वेतनमान की मांग की पूर्ति के लिये 2 जुलाई को वादा निभाव कार्यक्रम के तहत पदयात्रा एवं मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिये सामूहिक अवकाश के लिये निर्णय लिया गया है। जिसमें अपनी मांगों के समर्थन में हम सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

**सख्ती** ▶ अबुआ आवास के लापरवाह लाभुकों पर प्रशासन सख्त

# 85 लाभुकों को नोटिस

**नीलू चौबे**

**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड प्रशासन ने अबुआ आवास के लापरवाह लाभुकों के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। बीडीओ अदिती गुप्ता ने फर्स्ट फेज में अबुआ आवास के 85 लाभुकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी है। यहां बताते चलें कि झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम आवास योजना से वंचित वैसे गरीब जिन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया था वैसे लोगों को पक्का मकान देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2023-24 अबुआ आवास योजना की शुरूआत की थी। इसके तहत नगर ऊंटारी प्रखंड में 624 लाभुकों को अबुआ आवास की स्वीकृति दी गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद लाभुकों के बैंक खाते में प्रथम किस्त के



रूप में 30 हजार रुपये की राशि का भुगतान की गई थी। राशि भुगतान के बाद लाभुकों ने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। अधिकांश लाभुक प्लिंथ लेबल का कार्य पूर्ण कर डोर लेबल के लिये कार्य कर रहे हैं। वैसे लाभुकों को दूसरे किस्त की राशि का भी भुगतान शुरू कर दिया गया है। किन्तु कई लाभुक ऐसे हैं जो राशि लेने के बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। अंत में ब्लॉक प्रशासन उनके विरुद्ध कड़ा रूख अख्तियार कर लिया है। बीडीओ ने 85 लाभुकों कधवन के 16, भोजपुर के 4, हलिवंता के 9, पिपरडीह के 3, कुंबाखुर्द के 10, कोलझिकी के 8, कुशडंड के 27 एवं चितविश्राम के 8 को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा है कि नोटिस के बाद भी आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने पर समझ जायेगा की लाभुक को आवास की आवश्यकता नहीं है एवं सरकारी राशि गबन करने की मंशा है। बीडीओ ने कहा है कि कार्य नहीं करने की स्थिति में लाभुक के विरुद्ध कार्रवाई के लिये उच्च अधिकारियों को सूचित किया जायेगा। साथ ही लाभुक से संपूर्ण भुगतेय राशि की वसूली (सूद सहित) वसूली की जायेगी। साथ ही उक्त लाभुक के स्थान पर प्रतीक्षा सूची से दूसरे योग्य लाभुकों को इस योजना का लाभ दे दिया जायेगा।

### सहायक पुलिस कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

**मेदिनीनगर :** मांगों के समर्थन में राज्य भर के सहायक पुलिस कर्मी आंदोलन पर हैं वर्दी-ए-इंसाफ-3 के तहत आंदोलन के पहले चरण में पलामू जिले के सहायक पुलिस कर्मियों ने विरोध स्वरूप काला बिल्ला लगाकर काम किया। झारखंड सहायक पुलिस एसोसिएशन शाखा पलामू के जिलाध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले चार वर्ष से आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन झारखंड सरकार अब तक सिर्फ आश्वासन ही दे रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के ढुलमुल रवैया को देखते हुये 30 जून से वर्दी-ए-इंसाफ-3 के तहत आंदोलन शुरू किया गया है। 1 जुलाई को जिले के सहायक पुलिस कर्मी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। वहीं दो जुलाई को रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा।

### मानसून की झमाझम बारिश से किसान खुश, खेती किसानी में आयेगी तेजी



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र मे शनिवार की शाम एवं रविवार की सुबह में हुई झमाझम तेज बारिश से लोगों को जहां तेज धूप एवं उमश भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं किसानों के मायूस चेहरे खिल उठे हैं। इसके पहले हल्की बूंदा-बांदी भी नहीं होने से किसान काफी चिंतित थे। वे अपने खेतों में धान के बिचड़े नहीं डाल पा रहे थे। किन्तु शनिवार की शाम एवं रविवार की सुबह मानसून की जोरदार हुई पहली बारिश से खेती के काम में अब तेजी आ जायेगी। ज्यादातर किसान हल जोताई के लिये बारिश का इंतजार कर रहे थे। इंतजार करते करते काफी समय बितने लगा था जिससे किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई थी। मानसून की पहली बारिश होने से किसान प्रसन्न हुये हैं। किसानों ने कहा कि खेती किसानी के काम के लिये अब काफी अच्छा मौसम बन गया है। वहीं लोगों को तेज धूप एवं उमश भरी गर्मी से राहत मिली है।

### झारखंड में स्वर्ण व्यवसाई सुरक्षित नहीं : विनोद सोनी

**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य सह अधिवक्ता विनोद कुमार सोनी ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि झारखंड में स्वर्ण व्यवसाई सुरक्षित नहीं है। स्वर्ण व्यवसायियों के साथ दिन-दहाड़े छीनतई, चोरी डकैती आम बात हो गई है। झारखंड के राजधानी रांची में व्यवसाय सुरक्षित नहीं है तो झारखंड के प्रत्येक जिला और प्रत्येक प्रखंड में स्वर्ण व्यवसाई सुरक्षित कैसे होंगे, रांची के पंडरा पंचवटी ज्वेलर्स, रांची के विरसा चौक, डीपी ज्वेलर्स में करोड़ों रुपये कि गहना एवं नगदी दिन दहाड़े डकैती और लूट की घटना हो सकती है तो झारखंड के प्रत्येक जिला और प्रखंड कैसे सुरक्षित रह सकता है पलामू जिला के प्रखंड सतबरवा के दुकानदार विजय सोनी, नावाबाजार के मिस्टी ज्वेलर्स राकेश सोनी एवं अन्य दुकानदार को दिन दहाड़े छोला में रखा जेवरात छीन लिया जाता है इस तरह की दर्जनों घटनाएं 2 महीनों के अंतर्गत पलामू में हो चुकी है। इसी तरह पूरे झारखंड के प्रत्येक जिला और प्रखंड में घटनाएं हो रही है। स्वर्ण व्यवसाय के साथ जब लूट होती है और थाने में एफआईआर के लिए भुक्तभोगी दुकानदार जाते हैं तो थानेदार स्वर्ण व्यवसाई को संदेह के दृष्टिकोण से दुकानदार को देखते हैं।

## राज्य सरकार की बैठकें सिर्फ झूठ का पुलिंदा हैं : डा मेहता

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** सरकार को जनता व किसान से कोई लेना-देना नहीं है, सिर्फ इन्हें कुर्सी चाहिये राज्य के कई परियोजनाएं हैं जो कम खर्चे में पूरा हो सकते हैं लेकिन सरकार को केवल अपने कुर्सी से मतलब है। उक्त बातें पांकी विधानसभा के विधायक कुशवाहा डॉ शशीभूषण मेहता ने कही। डा मेहता ने कहा कि राज्य सरकार की बैठकें सिर्फ और सिर्फ झूठ का पुलिंदा हैं। एक तरफ सिंचाई योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा करने का आदेश दिया जाता है। वहीं पांकी विधानसभा क्षेत्र जहां की शत-



प्रतिशत जनता कृषि कार्य पर आश्रित है, वहां की पिरी, चाको, सोनरे सिंचाई परियोजनाओं को पिछले चार वर्षों से लटका कर रखा गया है। डा मेहता ने कहा कि राजनीतिक विद्वेष का जीवंत उदाहरण है इतने महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं करना। आने वाले समय में जब राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी तब इन सिंचाई परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा। अन्नदाता किसान भाईयों को राज्य के इस भ्रष्ट सरकार के पक्षपात को समझने की आवश्यकता है। परन्तु इनका यह भ्रष्टाचार और लटकाना-भटकाना बहुत दिनों का मेहमान नहीं है। विधायक सह पूर्व मंत्री झारखंड, नीलकंठ सिंह मुण्डा के रांची स्थित आवास पर, असम के सम्मानित मुख्यमंत्री तथा झारखंड विधानसभा चुनाव के निमित्त भारतीय जनता पार्टी के सह प्रभारी हिमंता विश्वशर्मा का सानिध्य प्राप्त हुआ। मौके पर झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री श्री रंजय भारती साथ मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम की मन की बात

**बंशीधर न्यूज**

**विश्रामपुर :** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय में भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में शामिल कार्यकताओं व गढ़वा व पलामू से आये पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पहले पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बातों का श्रवण किया। इसके बात पूर्व मुखिया सह पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता के संचालन में बैठक में शामिल सभी कार्यकताओं से आसन्न विधानसभा चुनाव पर सबका राय लिया गया। बैठक में सभी नेताओं व कार्यकताओं



ने विस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने की रणनीति बनाई। बैठक में वर्तमान विधायक की खुलकर आलोचना करते हुये कार्यकताओं ने कहा कि वे इस बार बंशवाद के खिलाफ हैं। अपने सबोधन में भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, सीएस दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, विभाकर पांडेय, विश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास, पुष्परंजन, राजबली महरा, रवींद्रनाथ उपाध्याय, जमालुद्दीन खां ने लोस में हुई पार्टी प्रत्याशी की जीत पर कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं सभी कार्यकताओं को पुनः विधानसभा की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व मुखिया गिरिवर सिंह, शिवशंकर पांडेय, कृष्णमुरारी सिंह, सुदामा प्रसाद, दिनेश कुमार, निर्मल यादव, रामनिवास पांडेय उर्फ मुन्ना पांडेय, प्रभुनाथ सिंह, रामचंद सिंह, मिथिलेश सिंह, अश्विनी पांडेय सहित भाजपा के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**प्रो सुभाषचंद्र मिश्रा की पुस्तक कोयल की धारा का लोकार्पण**

# कोयल नदी पलामू का श्रृंगार : इंदर सिंह नामधारी

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** पलामू के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो सुभाषचंद्र मिश्रा की पुस्तक कोयल की धारा का लोकार्पण जेएमपी कॉम्प्लेक्स में झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, प्रथम मेयर अरुणा शंकर एवं प्रो केके मिश्रा ने किया। समारोह की अध्यक्षता प्रो दयाशंकर श्रीवास्तव व संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। श्री नामधारी ने कहा कि कोयल नदी पलामू का श्रृंगार है। सुभाष जी मेरे छोटे भाई की तरह हैं इन्होंने अपनी पुस्तक में प्रकृति के सौंदर्य के साथ-साथ इससे जुड़ी समस्याओं को भी दिखाया है। प्रो दयाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि रचनाकार ने साहित्य के माध्यम से उन सभी विषयों को उठाया है जिसके लिये पर्यावरणविद संघर्ष करते रहे हैं। साहित्य समाज का दर्पण होता है इसे इस पुस्तक ने चरितार्थ किया है। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि कोयल की धारा देख-देख कर हम बड़े हुये हैं। पलामूवासियों के लिये इसकी पवित्रता गंगा और नर्मदा से कतई कम नहीं है। पुस्तक में कोयल को बांधने की इच्छा जताई गई है। हम



कोयल को जगह-जगह बांधकर पलामू की प्यास बुझायेंगे। अरुणा शंकर ने कहा कि कोयल की धारा पढ़कर हम सबों को इसे पवित्र और स्वच्छ रखने की शिक्षा मिलेगी। केके मिश्रा ने कहा की कोयल की धारा एक यात्रा वृतांत नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है जिसे ध्यान से समझने की आवश्यकता है। जीवन का प्रारंभ और विकास नदी की ही भाँति होता है। लोकार्पण समारोह में कवि राकेश कुमार, साहित्यानुरागी आलोक तुलस्यान, कलाकार प्रेम भसीन, कवि हरिवंश प्रभात, समाजसेवी अविनाश देव, अभय तिवारी, अमित तिवारी, प्रियरंजन पाठक, पंकज श्रीवास्तव, अनुपमा तिवारी शालिनी श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कवि राम प्रवेश पण्डित ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वरिष्ठ पत्रकार प्रभात सुमन ने स्वागत उद्बोधन किया एवं शुभ्रा मिश्रा मानसी ने कोयल की धारा गीत की प्रस्तुति की। पुस्तक के लेखक प्रो सुभाष चन्द्र मिश्रा ने कहा कि साहित्य में एक पंक्ति लिखकर अमरत्व प्राप्त किया जा सकता है। साहित्य की भाषा सरल होती है परंतु उसके अर्थ सरल नहीं होते। कार्यक्रम में बसन्ती मिश्रा, रागिनी मिश्रा व अलका मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, अशोक मिश्रा, संतोष मिश्रा, शैलेन्द्र पाठक, सतीश पाठक, अभय तिवारी, अनुज कुमार पाठक, अजय मिश्रा, रमेश सिंह, रमेश पांडेय, उमेश कुमार पाठक रेणु, रमेश पाठक, सुमन मिश्रा, विमल कुमार, रीना प्रेम दुबे, दिनेश कुमार शुक्ला, रविशंकर पांडेय, देवेंद्र पाठक, अजीत पाठक आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने नक्सलियों के एक सहयोगी को किया गिरफ्तार



**विश्रामपुर :** पांडू थाने की पुलिस ने नक्सलियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने बताया कि पिछले माह में क्षेत्र में नक्सलियों के पोस्टर चिपकाने व सहयोग करने के अप्राथमिकी अभियुक्त थाने के बसडीहा गांव के सुरेंद्र तिवारी (51) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



# झामुमो जिला कमेटी का हुआ विस्तार, चार लोगों को मिला जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी का दायित्व

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** झामुमो जिला कमेटी का विस्तार किया गया है। चार नये लोगों को जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इनमें कार्तिक पांडेय रंका, सइयद गुलाम हुसैन गढ़वा, संदीप गुप्ता बड़गड़ तथा रमेश चंद्रवंशी श्री बंशीधर नगर के नाम शामिल हैं। उन्हें जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को अपने आवास पर सम्मानित कर बधाई दी। इन सभी नये पदाधिकारियों को पार्टी के प्रति सच्चे मन और लगन से काम करने का निर्देश दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर ने भी शुभकामनाएं दी। नये पदाधिकारियों ने कहा कि वे सभी पार्टी के कार्यां को सच्ची निष्ठा एवं लगन से करेंगे। पार्टी के सभी लोगों से मिलजुल कर पूरी ईमानदारी के साथ दायित्व का निर्वहन करेंगे। सभी ने नये पद की जिम्मेदारी मिलने पर मंत्री श्री ठाकुर एवं पार्टी के अध्यक्ष एवं सचिव के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बारिश में मिट्टी का घर ध्वस्त, एक घायल

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत खैरवा गांव में पहली बारिश में मनी चौधरी के मिट्टी का घर गिर कर ध्वस्त हो गया। जिससे मनी चौधरी की 14 वर्षीया पुत्री रिंकी कुमारी मलवे में दबने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार रिंकी को तत्काल उनके घर वालों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले गये। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### शिविर में दर्जनों समस्याओं का निष्पादन

**केतार :** अंचल कार्यालय में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुये। जिसमें 59 आवेदनों का निष्पादन किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा कि अंचल कार्यालय के राजस्व शिविर में 26 भूमि प्रतिवेदन, 10 जाति, 06 आय, 12 निवास, 03 भू-स्वामित्व एवं 02 म्युटेशन किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जमीन संबंधित कोई भी समस्या हो तत्काल अंचल से सम्पर्क करें अविलंब निष्पादन किया जायेगा। मौके पर सीआई नागेंद्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर रघुनाथ पाल, अमीन कामेश्वर मिस्त्री सहित सभी अंचल कर्मी उपस्थित थे।

**गढ़वा** ▶ हूल दिवस पर मंत्री ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# आदिवासियों की शौर्य गाथा है हूल दिवस : मिथिलेश

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** हूल दिवस के मौके पर गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गढ़वा के कल्याणपुर स्थित आवास पर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। मौके पर पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उस मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि 30 जून को नई क्रांति की शुरूआत हुई थी। हजारों लोग एक सूत्र में बंधे थे और अंग्रेजों को भगाने की योजना बनी थी। इसलिये पूरे देश में 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। इस दिन आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान को याद किया जाता है। जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। 30 जून को प्रति वर्ष हूल दिवस मनाकर इन महान क्रांतिकारियों को नमन किया जाता है। मंत्री ने कहा कि 30 जून 1855 को मौजूदा साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव में वीर सिद्धो-कान्हो, चांद-भैरव के नेतृत्व में 400 गांव के समागम में 50 हजार लोगों ने अंग्रेजी हुकूमत से आमने-सामने जंग का ऐलान किया था। साथ ही मालगुजारी नहीं देने और अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का जोर से ऐलान किया गया था। अंग्रेजों के आधुनिक हथियारों के सामने सिद्धो-कान्हो की तीर कमान वाली सेना टिक नहीं पाई। सिद्धो को अगस्त 1855 में पड़कर पंचकठिया नामक स्थान पर बरगद के पेड़ पर फांसी दे दी गई। जबकि कान्हो को भोगनाडीह गांव में फांसी दी गई थी। हूल दिवस पर सिद्धो-कान्हो, चंद-भैरव, फूलो-झानो सहित सभी अमर बलिदानियों को शत नमन है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने शहीदों को नमन करते हुये राज्य वासियों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने ने कहा कि उन नायकों का पवित्र स्मरण आज भी हम सबों का मार्गदर्शन करता है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिप अध्यक्ष शांति देवी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, दिलीप गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, अराधना सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने उतर कोयल नहर का पानी छोड़वाया



**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने चीफ इंजीनियर से बात कर किसानों की समस्या से अवगत कराया और जानकारी दिया की उतर कोयल नहर से मोहम्मदगंज हैदरनगर हुसैनाबाद के सैकड़ों गांव के किसान अपने खेतों में सिंचाई का लाभ लेते है अगर समय से पानी नहीं दिया गया तो किसान सिंचाई करने से वंचित रह जाएंगे। और हमलोगो का अधिकतर इलाका किसानी पे ही निर्भर है। भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह मोहम्मदगंज के भीम बराज पे कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर धन्यवाद दिया और कहा कि अपने सभी इलाके में जल्द ही पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होगा। श्री सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि उतर कोयल नदी में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जिससे उतर कोयल नहर में पानी पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### भाजपाइयों ने हुल दिवस पर सिद्धू कान्हु को किया गया याद

**बंशीधर न्यूज**



**कांडी :** भाजपा कार्यालय में रविवार को हुल दिवस के अवसर पर संथाल के क्रांतिकारी सिद्धू कान्हु को याद किया गया। लोगों ने झारखंड के महान क्रांतिकारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। सिद्धू का जन्म 1855 तथा कान्हू का जन्म 1820 में भोगनाडीह नामक गांव में आदिवासी परिवार में हुआ था जो आज झारखंड के साहेबगंज में है। संथाल हुल क्रांति की अगुआई में सिद्धू कान्हु के साथ साथ उनके अन्य दो भाई चांद भैरव और इनकी दो बहनों फूलो झानो ने अंग्रेज सैनिकों को लोहा मनवाया। अंत में उनको अलग जिला देना पड़ा। उनका नारा था करो या मरो अंग्रेजों मेरी मिट्टी छोड़ो। इस दौरान किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे ने ऐसे क्रांतिकारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर शशि रंजन दुबे, शिव प्रसाद पांडेय, संजय प्रसाद, जगरनाथ मेहता, ललन पासवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांडी में मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन



**कांडी :** प्रखंड के दो परीक्षा केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 549 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुये। जबकि 800 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल कांडी परीक्षा केन्द्र पर 442 विद्यार्थी परीक्षा लिखे। जबकि 545 अनुपस्थित रहे। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय लमारी परीक्षा सेंटर पर 107 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये। जबकि 255 अनुपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक ललन राम व परीक्षा प्रभारी राम प्रसाद पाठक ने बताया कि आज की आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई। बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद ने दोनों ही परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। विक्षण कार्य मे शिक्षक राजेश कुमार दुबे, शम्भू मेहता, जगरनाथ मेहता, श्रवण विश्वकर्मा, धनन्जय कुमार गुप्ता, सरिता कुमारी, रेणु कुमारी, मंजू कुमारी सहित कई अन्य शामिल थे।

### मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा



**केतार :** प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय केतार में मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा संपन्न हो गया। परीक्षा में आठवीं उतीर्ण छात्र-छात्राएं शामिल हुये। मौके पर केंद्राधीक्षक राजनाथ राम ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर कुल 397 छात्र-छात्राओं को भाग लेना था। जिसमें कुल 257 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुये। जबकि 140 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर विक्षण कार्य हेतू 19 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिसमें मात्र 12 शिक्षक उपस्थित रहे। बगैर कोई सूचना के सात शिक्षक अनुपस्थित रहे। इसके बाद भी शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई। मौके दंडाधिकारी आंनद कुमार, प्रेम कुमार, संतोष कुमार, धन्नजय कुमार, सुधा कुमारी, गीता कुमारी, श्यामलाल सिंह, जागृति कुमारी, शिधनाथ सिंह, तुलसी यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### नशा से मुक्ति के लिये जागरूक करें : डीएसपी

**छतरपुर :** डीएसपी नौशाद आलम ने थाना परिसर में सभी पंचायत के मुखिया के साथ बैठक की। बैठक में डीएसपी ने सभी मुखिया से कहा कि वे अपने-अपने पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के तहत बाइक चलाने वाले लोगो गाड़ी के कागज के साथ हेलमेट जरूर पहने, सरकारी योजनाओं में जो अवरुद्ध है उसे निपटे, युवकों में नशा के लत को अपने पंचायतों में अभियान चलाकर नाश से मुक्ति के जागरूक करें। पंचायत स्तर निपटारा करे जरूर पड़े तो थाना को सूचित करें। मौके पर इस्पेक्टर द्वरिका राम, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, मुखिया में हरेंद्र सिंह, पूर्ण यादव, सुदामा पासवान, भोला भुईया, रविन्द्र राम, मुना चंद्रवंशी, प्रमोद यादव, अनुज सिंह समेत सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

### झामुमो के संदेशों को गांव तक पहुंचाने का अभियान होगा तेज : आलोक

# हेमंत व कल्पना से मिले आलोक सिंह

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संदेश को पलामू में गांव तक पहुंचाने में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता रविवार से अभियान तेज कर दिये हैं। पलामू जिला परिषद के उपाध्यक्ष सह युवा झामुमो नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, रांची में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात के बाद राजनीतिक गतिविधियों को तेज करने के मिले निर्देश के अनुरूप पलामू लौटते ही काम शुरू कर दिया है। मेदिनीनगर शहर से लेकर गांव तक को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व झामुमो के संदेशों से पाटने, घर-घर तक संपर्क कर झामुमो के संदेशों को पहुंचाने की दिशा में पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा व अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर अभियान शुरू किया गया। आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया है कि जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में पलामू के सभी कार्यकर्ता व जनता झामुमो के साथ हैं। पार्टी कार्यकर्ता किसी भी कठिन संघर्ष के लिये तत्पर हैं। झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं से जनता को अवगत कराने का अभियान तेजी से पूरा किया जायेगा। आलोक सिंह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सहित पलामू में बड़ा राजनीतिक कदम उठाने का संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि कार्यकताओं को सक्रिय कर सभी वर्ग को झामुमो से जोड़ा जा रहा है, प्रदेश से भाजपा का सफाया तय हो गया है।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : सुरेश

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** प्रकाशचन्द जैन सेवा सदन मेदिनीनगर के सौजन्य से सेवा सदन परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ सेवा सदन के महासचिव सुरेश कुमार जैन, डा श्याम बिहारी महतो, डा रघुवंश नारायण सिंह, डा विकाश चंद्र अग्रवाल, स्टेट मोटिवेटर दुर्गा जौहरी, कोषध्यक्ष प्रदीप केजरीवाल, ब्रजेश तिवारी आदि की मौजूदगी में संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्यजी द्वारा 74 वीं बार रक्तदान कर किया गया। सेवा सदन के महासचिव सुरेश कुमार जैन ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर पर नाकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है। बल्कि शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। इससे शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। रक्तदान रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। इसलिये सभी लोगों को रक्त दान करना चाहिये। डा महतो ने रक्तदान को महादान बताते सभी को रक्त दान करने की अपील की। डा सिंह ने कहा कि रक्त दान जीवन दान के समान है और यह दान करना पुण्य का काम है। डा विकाश चन्द अग्रवाल ने कहा कि रक्त दान की अहमियत का पता तब चलता है जब किसी अपने को रक्त की जरूरत पड़ती है। इसलिये सभी को रक्त दान करना चाहिये। मौके पर सेवा सदन के संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्यजी ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि जरूरत मंदी को रक्त दान कर उसे जीवन दान दे। मौके पर सुश्री आत्रेयी भट्टाचार्य, डा सुमित कुमार, प्रदीप केजरीवाल, कृष्ण कान्त औझा, सुमित कुमार वर्मा, श्रीमती सुचिता टोप्पो, मनिष कुमार, सोनू कुमार, कुणाल यादव ने रक्त दान किया।



## 'टी20 वर्ल्ड कप' में जीत के बाद अनुष्का की पहली पोस्ट

भारतीय टीम ने इस साल के टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद खेल, राजनीति और मनोरंजन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज भारतीय टीम की जमकर तारीफ कर रहे हैं। अनुष्का शर्मा ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए पहली पोस्ट शेयर की है। भारतीय टीम के खिलाड़ियों को टीवी पर रोता देख अनुष्का की लाडली बेटी को भी एक बात की चिंता सता रही थी।

अनुष्का लिखती हैं, हमारी बेटी ने आज मैच के बाद इन सभी खिलाड़ियों को टीवी पर रोते हुए देखा। उन्होंने पूछा, क्या इस समय इन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए वहां कोई होगा? मैंने उससे कहा, हां डार्लिंग... क्योंकि आज लगभग 1.5 बिलियन दर्शकों ने अपने एथलीटों को गले लगाया है। इन मैचों में हमारी टीम ने शानदार जीत हासिल की है और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। चैंपियंस-बधाई हो! एक्ट्रेस ने खास तौर पर विराट कोहली के लिए एक और पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में अनुष्का ने विराट की ट्रॉफी उठाते हुए फोटो शेयर की। अभिनेत्री ने पोस्ट को कैप्शन दिया, मैं इस आदमी से बहुत प्यार करती हूं। विराट कोहली...मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आप मेरे हैं। अब इस खुशी का जश्न मनाने के लिए मेरे लिए चमचमाता पानी लाओ। अनुष्का शर्मा की इस पोस्ट पर नेटिजन्स ने लाइक और टिप्पणियों की बौछार कर दी है। इस समय भारतीय टीम की हर स्तर पर तारीफ हो रही है।

## 'बिग बॉस ओटीटी 3' : अनिल कपूर ने घरवालों की ली क्लास



बिग बॉस ओटीटी 3 का पहला वीकेंड का वार शनिवार को हुआ। यह न सिर्फ इस सीजन के कंटेस्टेंट्स के लिए, बल्कि अनिल कपूर के लिए भी ये पहला वीकेंड का वार था। इस मौके पर दीपक चौरसिया ने सबसे पहले घर के माहौल और प्रतियोगियों के बारे में एक रिपोर्ट पढ़ी। इस बार राशन के मुद्दे पर बहस करने पर अनिल कपूर ने सभी की अच्छी क्लास ली। इस बार अनिल कपूर ने विशाल पांडे और लवकेश कटारिया की टांग खींची। इसके बाद अनिल ने सना मकबूल के कॉन्ट्रैक्ट वाले बयान पर चुटकी लेते हुए कहा, क्या मैं आपसे पूछ सकता हूं कि ये आपके कॉन्ट्रैक्ट में है या नहीं? तब सना ने कहा, सर ऐसा नहीं है, अनिल ने कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि सना के लिए अलग कॉन्ट्रैक्ट क्या है और क्या दूसरों के लिए अलग है? अनिल कहते हैं कि आपके बयान से ऐसा लगता है कि आप दिखा रहे हैं कि मैं अलग हूं, अहम हूं, ऐसा लग रहा था। इस दौरान अनिल ने लवकेश से कहा कि, आत्मविश्वास अच्छी बात है, लेकिन अति आत्मविश्वास नहीं। उसे लगता है कि कोई बाहर वाला उसका समर्थन कर रहा है। आपकी शैली और बोलने का तरीका एक जैसा लगता है, लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप सच्चे हैं तो आप इससे आगे भी जा सकते हैं। इसके बाद अनिल कुमार, शिवानी कुमारी और पौलमी दास की ओर मुड़े और शिवानी से सवाल पूछने लगे। अनिल कपूर ने ये भी पूछा कि आखिर उस वक्त हुआ क्या था। शिवानी ने कहा कि हम दोनों खड़े थे जाने के लिए। मैंने कहा जाएंगे तो हम भी चाहे कुछ भी। हम दोनों भगे और भगने में दोनों को लग गई।

## आईओए ने पेरिस जाने वाले भारतीय एथलीटों को दी औपचारिक विदाई



# टी20 विश्व कप 2024 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार देर रात आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट घोषित की है, जिसकी कमान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को सौंपी गई है। टीम में चार अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम में चैंपियन भारत के छह खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या शामिल हैं।

सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद अफगानिस्तान के तीन खिलाड़ियों कप्तान राशिद खान,फजलहक फारुकी और रहमानुल्लाह गुरबाज को भी टीम में जगह मिली है। इसके अलावा टीम में वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और ऑस्ट्रेलिया को मार्कस स्टोइनिस को भी टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नार्ट्जे को 12वां खिलाड़ी बनाया गया है। रोहित प्रतियोगिता में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उन्होंने आठ पारियों में 257 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत में उनका प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा, उन्होंने इन मैच में केवल 41 गेंदों पर 92 रन बनाए, इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 57 रन जोड़े। उनके साथ अफगानिस्तान के विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज शीर्ष क्रम में शामिल हैं, जो भारतीय ओपनर से ज्यादा रन बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। रहमानुल्लाह ने 281 रन बनाए, जिससे अफगानिस्तान अपने इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा, उन्होंने तीन मैचों में अर्धशतक बनाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके 60 रन अफगानिस्तान को सुपर 8 से आगे ले जाने में अहम साबित हुए। तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन हैं, जिन्होंने 38 की औसत से 228 रन बनाए, जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ जीत में 53 गेंदों में 98 रन की पारी भी शामिल है। टीम में दूसरे भारतीय खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने कुछ महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं, खास तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 47 रन की पारी खेली और सुपर 8 में अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 28 गेंदों पर 53 रन बनाए। 5वें नंबर पर टीम में एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस हैं, जिन्हें टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन के बाद शामिल किया गया है। स्टोइनिस ने बल्ले और गेंद से योगदान दिया और 40 से अधिक की औसत और 160 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 169 रन बनाए। उन्होंने पूरे टूनार्मेंट में 10 विकेट भी चटकाए। भारत से अगला ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या हैं, जिन्होंने 48 की औसत से 144 रन बनाए, साथ ही गेंद से 11 विकेट लिए और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की जीत सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण अंतिम ओवर फेंका। उनके साथी अक्षर पटेल ने भी बल्ले और गेंद से प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के इस स्पिन गेंदबाज को फाइनल में बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया, जहां उन्होंने 47 रन की शानदार पारी खेली, जबकि 23 रन देकर तीन विकेट लेकर सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर जीत सुनिश्चित की।

वहीं, अफगानिस्तान के ऑलराउंडर और कप्तान राशिद खान ने कैरेबियाई मैदान पर 12.78 की औसत और छह से थोड़ी अधिक की इकॉनमी रेट से 14 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। उनके बाद जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्होंने पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह उनका स्पेल था जिसने फाइनल को भारत की ओर मोड़ दिया और उन्होंने 4.17 की उल्लेखनीय इकॉनमी रेट के साथ 8.26 की औसत से 15 विकेट लिए। एकादश में अंतिम भारतीय खिलाड़ी अर्शदीप सिंह हैं, जिन्होंने अपने दूसरे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया। उनके 17 विकेट किसी भी खिलाड़ी के संयुक्त रूप से सबसे अधिक थे, जिसमें फाइनल में 20 रन देकर दो विकेट शामिल हैं। अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी, एकादश में अंतिम खिलाड़ी हैं, अर्शदीप के विकेटों की बराबरी करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। 17 रन देकर चार विकेट लेने की बदौलत उन्होंने ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड को हराया।

उपविजेता दक्षिण अफ्रीका से टीम में 12वें खिलाड़ी के रूप में तेज गेंदबाज एनरिक नोट्र्जे को शामिल किया गया है, जिन्होंने प्रोटियाज के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 13.40 की औसत और छह से कम की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लिए। चयन पैनल में कमेंटेटर हर्षा भोगले, इयान बिशप और कैस नायडू और आईसीसी क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान शामिल थे।

### आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की टीम इस प्रकार है:

**रोहित शर्मा (कप्तान) :** भारत, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर) – अफगानिस्तान, निकोलस पूरन – वेस्टइंडीज, सूर्यकुमार यादव – भारत, मार्कस स्टोइनिस –ऑस्ट्रेलिया, हार्दिक पांड्या –भारत, अक्षर पटेल – भारत, राशिद खान – अफगानिस्तान, जसप्रीत बुमराह – भारत, अर्शदीप सिंह – भारत, फजलहक फारूकी – अफगानिस्तान। 12वां खिलाड़ी: एनरिक नॉट्र्जे – दक्षिण अफ्रीका

## देश के 30वें सेना प्रमुख बने लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी

**नई दिल्ली।** देश के 30वें



सेना प्रमुख के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को कार्य भार संभाल लिया। उन्होंने चार दशकों से अधिक राष्ट्र सेवा करने के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हुए थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे से कार्यभार संभाला। उन्होंने ऐसे समय में सीओएएस का पदभार संभाला है, जब वैश्विक भू-रणनीतिक वातावरण गतिशील बना हुआ है। साथ ही तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते स्वरूप के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां और भी स्पष्ट होती जा रही हैं। लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी इसी साल 15 फरवरी को उप सेना प्रमुख नियुक्त किए गए थे। इससे पहले वह 1 फरवरी, 2022 को सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ बनाए गए थे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं। उन्हें 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था। उन्होंने ऑपरेशन रक्षक के दौरान चौकीबल में एक बटालियन की कमान संभाली थी, जो ऑपरेशन राइनो के दौरान मणिपुर में असम राइफल्स का एक सेक्टर था।

Hit लिस्ट

## राज्यपाल ने दिया श्वेत्र पत्र जारी करने का आदेश



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने राज्य के वित्तीय संकट पर ममता बनर्जी सरकार को आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र लाने को कहा है। राज्यपाल ने शनिवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। इसके बाद उनका यह बयान आया है। निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति कई राजकोषीय जोखिमों और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन के मुद्दों का सामना कर रही है। यह सरकार की गंभीर खामियों को उजागर करती है। पश्चिम बंगाल वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने आर्थिक स्थिति गंभीर होने के मद्देनजर संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत मुख्यमंत्री से मंत्रिपरिषद के समक्ष राज्य की वित्तीय स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

### नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी चार दिवसीय बांग्लादेश दौरे पर

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 4 जुलाई तक बांग्लादेश की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना और नौसेना सहयोग




के लिए नए रास्ते तलाशना है। एडमिरल त्रिपाठी ढाका में अपने समकक्ष बांग्लादेश नौसेना के प्रमुख एडमिरल एम नजमुल हसन के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। साथ ही 4 जुलाई को चटगांव में बांग्लादेश नौसेना अकादमी में होने वाली पासिंग आउट परेड की समीक्षा भी करेंगे। यात्रा के दौरान सीएनएस बांग्लादेश सेना और वायु सेना के प्रमुखों, प्रधान स्टाफ अधिकारी सशस्त्र बल प्रभाग और बांग्लादेश सरकार के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी करेंगे।

## चारधाम : भगवन के द्वार पर आस्था का ज्वार, पिछले वर्ष का टूटा रिकॉर्ड

# चारों धाम में 50 दिन में पहुंचे 30 लाख यात्री

**देहरादून।** उत्तराखंड की विश्वप्रसिद्ध चारधाम यात्रा को लेकर इस बार श्रद्धालुओं में अपार उत्साह है। इन दिनों भगवन के द्वार पर आस्था का ज्वार दिख रहा है। चारधाम यात्रा प्रारंभ हुए लगभग 50 दिन ही हुए हैं और अब तक लगभग 30 लाख श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं जबकि वर्ष 2023 में 30 जून तक यानि 68 दिनों में लगभग 30 लाख श्रद्धालु दर्शन किए थे। सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध चारधाम यात्रा के संचालन को लेकर उत्तराखंड सरकार निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस वर्ष जनवरी माह से ही चारधाम यात्रा के सुचारू संचालन के लिए बैठकों के साथ स्थलीय निरीक्षण का दौर शुरू कर दिया था। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा



को बेहद गंभीरता से लिया जाए। 10 मई को जब धामों के कपाट खुलने का सिलसिला प्रारंभ हुआ तो भारी संख्या में देश-दुनिया से तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे। यात्रा की शुरूआत में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के बीच चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की कमान अपने हाथ ली तो महज हफ्ते भर में व्यवस्थाएं सुचारू हो गईं। मुख्यमंत्री ने अफसरों को स्पष्ट संदेश दिए कि यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। नतीजा, चारों धामों में यात्रा सुचारू रूप से चलने लगी। देश-दुनिया से हर दिन बड़ी संख्या में यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो इस वर्ष 10 मई को कपाट खुलने से लेकर 30 जून तक लगभग 30 लाख श्रद्धालु चारधाम आ चुके हैं। गत वर्ष 22 अप्रैल को कपाट खुले थे यानी लगभग 18 दिन पहले। बावजूद 30 जून तक लगभग 30 लाख यात्री पहुंचे थे।

## सांसद ओवैसी के घर के बाहर विहिप का विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी के संसद में शपथ ग्रहण के दौरान जय फिलिस्तीन नारा लगाने पर कड़ी आलोचना करते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने 34 अशोका रोड स्थित ओवैसी के आवास के बाहर उनका पुतला जलाया। हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने ओवैसी के खिलाफ नारेबाजी की और पोस्टर दिखाए। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन



पहले ओवैसी के घर के बाहर उनकी नेम प्लेट पर काली इंक पोती गई थी और एक पोस्टर लगाया गया था, जिसमें इजराइल के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारत माता की जय लिखा था। इस दौरान विहिप के प्रांत मंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने जंतर-मंतर पर औवेसी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इससे पहले विहिप के अध्यक्ष आलोक कुमार ने भी पूछा था कि औवेसी की निष्ठा भारत में है या फिलिस्तीन में है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)